cies, year-wise, Corporation-wise and State-wise, during the above period; and

(c) what further steps are being taken by Government to see that gas agencies do not force customers to purchase hot plates from them?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

(c) The customers are at liberty to purchase hot plate from any source provided it bears ISI mark for reasons of safety. The distributors have standing instructions not to insist on purchase of hot plate and are required to display a notice in their showrooms that it is obligatory for a customer to purchase hot plate from the distributor releasing the connection. Basides, the Marketing Discipline Guidelines also, *inter-alia* provide for penal action against those distributors who indulge in such malpractices.

मध्य प्रदेश में रिचोलोन क्रेकर यूनिट की स्थापना

678. **श्री अजीत जोगी** : क्या **उद्योग** मंत्री 8 मई, 1989 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 186 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में गैस क्रेकर तथा पोलीप्रोपीलीन यूनिट की स्थापना के विषय में अंतिम निर्णय ले लिया जा चुका है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा उद्योग मंत्रालय में रसायन और पेट्रो-रसायन विभाग में राज्य मंत्री (श्री पी० नामग्याल) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को मंजूर किए गए पेट्रोल पम्प और गैस एजेंन्सियां

679. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को कितने पेट्रोल पम्प और गैस एजेंन्सियां मंजूर की गई ;

(ख) क्या यह संख्या निर्धारित कोटे के अनुरूप है; और

(ग) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों के लिये किन-किन स्थानों पर इस प्रकार की एजेंसियां मंजूर की गई है अथवा मंजूर किये जाने का विचार है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) तेल कम्पनियों द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान मार्च, 1989 तक मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की श्रेणियों में व्यक्तियों को तेल कम्पनियों द्वारा निम्नलिखित संख्या में खुदरा बिक्री केन्द्र और एल पी जी वितरण केन्द्र दिये हैं:—

	एस सी	एस टी	जोड़
खुदरा बिक्री केन्द्र	7	11	18
एल पी जी वितरण केन्द्र	3	6	9